अमृतवर्षा | नई दिल्ली | 20 फरवरी 2010
हमारी दिल्ली 3

पेपर मिल्स की ज्यादती के खिलाफ प्रदर्शन

नई दिल्ली। उत्तर भारत के कई संगठन पेपर मिल्स की अनैतिक नीतियों व सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ अपनी वाजिब मांगों को लेकर आगामी तीन मार्च 2010 को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। एक प्रेस कांफ्रेस में इस बात कि घोषणा करते हुए बताया कि इस मुहिम में उत्तराखंड व हरियाणा के पैकेजिंग उद्योग भी उनके साथ है। श्री के शशीधरन ने बताया कि कोरोगेटिड पैकेजिंग उद्योग के प्रतिनिधि अपना प्रतिवेदन केंद्रीय उद्योग मंत्री व केंद्रीय वित्त मंत्री को दे चुके हैं, जिसमें क्राफ्ट पेपर पर आयात शुल्क शून्य करने के साथ-साथ पैकेजिंग उद्योग पर एक्साइज ड्यूटी कम करने के लिए प्रार्थना की गई है। इसके साथ-साथ पेपर मिलों की गुटबाजी के खिलाफ त्वरित कार्यवाही करने की भी मांग की गई है।